# बिहार विधान परिषद

(204 मॉनसून सत्र)

## लिखित उत्तर के लिए अल्पसूचित प्रश्न

## 13 जुलाई 2023

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या- 8**

----

### कार्रवाई करने का विचार

22. **श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या **योजना एवं विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में विधान मंडल के माननीय सदस्यों द्वारा अनुशंसित योजना को योजना विभाग के पदाधिकारियों/अभियंताओं द्वारा बेवजह पूर्ण कराने में देरी की जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि गया जिले में दो-तीन वर्ष पूर्व की अनुशंसित योजना को इन पदाधिकारियों/अभियंताओं द्वारा तरह-तरह के कारण बताकर लटका कर रखा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माननीय सदस्यों द्वारा योजना अनुशंसित होने के बाद योजना पूर्ण कराने के लिए कोई ठोस समय सीमा निर्धारित करने और ऐसा नहीं करने पर दोषियों पर कार्रवाई करने का नियम बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## खराब पड़े नलकूप चालू कबतक

23. **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला में 514 राजकीय नलकूपों में वर्तमान में सिर्फ 146 ही चालू हालत में हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त शेष नलकूपों के खराब रहने के चलते किसानों को कृषि कार्यों में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भोजपुर जिला अंतर्गत शेष खराब नलकूपों को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अवैध आरा मशीनों की बंदी

24. **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

कृया मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला में छः (6) रजिस्टर्ड आरा मील कार्यरत हैं जबकि 100 (एक सौ) से अधिक छोटी-बड़ी आरा मशीनें अवैध रूप से चलाई जा रही हैं, जिनका स्टॉक रजिस्टर भी नहीं है;

(ख) क्या यह सही है कि अवैध आरा मील संचालकों द्वारा चलाए जाने के कारण अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिसके कारण पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अवैध रूप से चलाई जा रही छोटी-बड़ी आरा मशीनों को बंद करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

25. **श्री अशोक कुमार पाण्डेय (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत दिनारा प्रखंड के नियाजीपुर गांव स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है;

(ख)  यदि उपर्युक्त खंड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गांव स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति कबतक

26. **श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क)  क्या यह सही है कि नरेश प्रसाद, अनुसेवक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, राजगीर प्रमंडल, राजगीर में कार्यरत थे;

(ख)  क्या यह सही है कि कार्य अवधि में ही कार्य करते हुए दिनांक:- 01.06.2019 को उनकी मृत्यु हो गयी। मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र सुधांशु कुमार ने अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र सक्षम कार्यालय को समर्पित किया दुर्भाग्यवश बिना नियुक्त हुए ही माह अप्रैल 2022 में उनकी मृत्यु हो गई। इससे पूर्व इनके छोटे भाई रवि रंजन की भी मृत्यु दिनांक:- 17.07.2021 को हो गई। इस विषम परिस्थिति से इनके घर की स्थिति काफी चरमरा गई है। शेष बचे पारिवारिक सदस्य भुखमरी के कगार पर हैं;

(ग)  क्या यह सही है कि स्व. नरेश प्रसाद अनुसेवक की पुत्री पूनम सिन्हा, ग्राम- धोबी बिगहा, पो.+थाना- अस्थामां जिला नालंदा ने अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु सक्षम कार्यालय को आवेदन पत्र समर्पित किया है लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अबतक अनुकम्पा के आधार पर पुत्री पूनम सिन्हा की नियुक्ति नहीं हुई है;

(घ)  यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. नरेश प्रसाद, अनुसेवक की पुत्री पूनम सिन्हा को मानवीय आधार पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए अविलम्ब अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## गाइड बांध का निर्माण

27. **श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क)  क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड लौरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलपुर में मसान नदी के तट पर गाइड बांध नहीं होने से तेलपुर की पश्चिमी दिशा में मसान नदी का बहाव उत्तर से दक्षिण की तरफ है;

(ख)  क्या यह सही है कि उक्त नदी का कटाव पूरब की दिशा में हो गया है। बरसात के दिनों में स्थिति विकराल रूप में कटाव करते हुए गांव में नदी का पानी प्रवेश कर जाता है, साथ ही पूरा गांव पानी में डूब जाता है और छात्राओं को स्कूल जाने में पेरशानी होती

है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर गाइड बांध बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## नहर की उड़ाही

28. **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अंतर्गत चित्रसेनपुर महुरा नदी से लेकर गंडक नदी तक मुगल कैनाल नहर में कचड़ा भरा हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि विगत वर्षों से उक्त नहर की उड़ाही नहीं हुई है, जिस कारण नहर में पानी नहीं रुक पाता है एवं स्थानीय किसानों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नहर की उड़ाही करवाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## गिरफ्तारी कबतक

29. **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत तेघड़ा कांड संख्या 253/22 बनहारा की सरपंच के पुत्र की हत्या में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है;

(ख) क्या यह सही है कि मृतक के परिवार की सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्त पुलिस बल को हटा लेने से जानमाल पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक राज्य से विशेष पुलिस बल का गठन कर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं सरपंच की जानमाल की रक्षा करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----